राष्ट्रीय

# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2025 / 1843 - 1848 दिनांकः–02.09.2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–आदि कर्मयोगी अभियान के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के पत्र संख्या स0 15–01 / रा0से0यो0 / क्षेनि / लख / 2025–26 / 5477–5549, दिनांक 28 अगस्त, 2025, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। कि जनजातीय कार्य मत्रांलय आदि कर्मयोगी अभियान का संचालन कर रहा है, जिसका उदेश्य जमीनी स्तर पर सुशासन और अंतिम छोर तक सेवा वितरण को परिवर्तित करना है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य 20 लाख प्रतिबद्ध परिवर्तनकारी नेतृत्वकर्ताओं की एक टीम तैयार करना तथा विभिन्न स्तरों पर सुशासन में आदि सहयोगियों (Aadi Sahyogis) का एक समूह बनाना है, जो समुदायों को संगठित करने में सहयोग देंगें।

अतः उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयसेवकों के माध्यम से कर्मयोगी अभियान में सक्रिय रूप में भाग लेकर जनजातीय समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, उन्हें प्रेरित करने तथा अभियान की सफलता सुनिश्चित करने का कष्ट करें। उक्त कार्यक्रम की आख्या / रिपोर्ट (फोटो ग्राफ्स एवं पेपर कटिंग सहित) इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, upsno.luck@gmail.com एवं nssrclucknow@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करे। जिससे कि ससमय सूचना क्षेत्रीय निदेशक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ को प्रेषित की जा सके।

**संलग्नकः उक्तवत्**

भवदीय

/

प्रो0 सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्दीय भवन आठवाँ तल, हाल न0–1 सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ। 226024
2. डा0 मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0 उच्च शिक्षा विभाग कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ। 226001
3. कुलसचिव के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना